देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- विकसित भारत—जी—राम—जी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी; अब ग्रामीण परिवारों के लिए 125 दिनों के दिहाड़ी रोजगार की गारंटी।
- रुद्रपुर में राष्ट्रीय ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप का आयोजन; प्रमुख सचिव, खेल ने कहा— खिलाड़ियों की सुविधा के लिये भविष्य में रुद्रपुर में प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।
- अल्मोड़ा के सिमकनी खेल मैदान में शरदोत्सव मेले का आयोजन; सर्दियों के खादी और ऊनी वस्त्रों, हस्तशिल्प तथा स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी में लोगों की भीड़।
- "जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार" अभियान के तहत नैनीताल में आज हल्द्वानी और धारी विकासखंड में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत—रोजगार और आजीविका मिशन—ग्रामीण विकसित भारत— जी राम जी विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था।

राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता

रुद्रपुर में 19 दिसंबर से चल रही राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन वेलोड्रम के एक वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, खेल, अमित सिन्हा ने स्वयं ट्रैक पर साइकिल चलाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

रुद्रपुर में तैयार यह वेलोड्रम देश का आठवां वेलोड्रम है, जहां यह दूसरी राष्ट्रीय स्तर की ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। प्रमुख सचिव, खेल, अमित सिन्हा ने कहा कि फिट उत्तराखंड और फिट इंडिया के उद्देश्य से ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए भविष्य में यहां प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उभरते खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकें।

भारतीय साइकलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और सब जूनियर वर्ग की चैंपियनशिप शामिल हैं, जिनमें देश के 25 से अधिक राज्यों से 600 से ज्यादा

खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पंजीकृत है, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के अंक मिलते हैं।

प्रशिक्षण शिविर संपन्न

उत्तरकाशी के डायट बड़कोट में आयोजित पिरुल हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम कल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण स्थानीय संसाधनों के रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से 25 कला अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पिरुल से टी–कोस्टर, बास्केट, पेन स्टैंड, प्लांटर और सर्विंग ट्रे जैसे उपयोगी हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि पिरुल जैसी वन अपशिष्ट सामग्री का उपयोग वनाग्नि की समस्या को कम करने के साथ–साथ स्थानीय आजीविका के अवसर भी पैदा कर सकता है।

शरदोत्सव मेला

अल्मोड़ा में खादी ग्रामोद्योग सेवा समिति उत्तराखंड की ओर से सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के सिमकनी खेल मैदान में शरदोत्सव मेले का आयोजन किया गया है। मेले में सर्दियों के खादी और ऊनी वस्त्रों, हस्तशिल्प तथा स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही बच्चों और आम लोगों के मनोरंजन के लिए झूले और अन्य गतिविधियां भी शामिल की गई हैं।

मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों द्वारा 'दीदी की रसोई' के माध्यम से स्थानीय खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ मिल रहा है। दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग मेले में सर्दियों के कपड़े, कंबल और जैकेट की खरीदारी कर रहे हैं।

मेला संयोजक पंकज ने बताया कि मेले का उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों को उचित दामों पर खादी वस्त्र उपलब्ध कराना है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की क्षेत्रीय समन्वयक कमला जोशी ने बताया कि महिला समूह मिलकर दीदी की रसोई चला रही हैं, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो रही है।

मेले में खरीदारी करने आए लोगों ने कहा कि यहां सर्दियों के कपड़ों के साथ–साथ मनोरंजन की भी अच्छी व्यवस्था है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आज के समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्राथमिकता से लिया है।

लंबी दूरी का रेल सफ़र थोड़ा महंगा, हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। इसी ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– यात्रा के किराये में सरकार ने की आंशिक बढोतरी, इसी महीने 26 तारीख से होगा लागू।

उत्तराखंड में अब किसानों को उनकी भूमि की यूनिक आई.डी मिलेगी। इसी ख़बर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– किसानों को मिलेगी यूनिक आई.डी, केंद्र सरकार एग्री स्टैक योजना के तहत शुरु की गई कसरत।